## खबर संक्षेप

### मनोज रावल कांग्रेस इंटेक का सचिव नियुक्त



**करनाल।** दिल्ली कांग्रेस ने करनाल के कोहंड गांव निवासी मनोज रावल को इंडियन नेशनल टीचर्स कांग्रेस (इंटेक) का सचिव नियुक्त किया है। मनोज वर्तमान में मिरांडा हाउस, दिल्ली यूनिवर्सिटी में गणित विषय पढ़ाते हैं। वे पूर्व में सेंट स्टीफंस कॉलेज में जूशू सोसाइटी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और प्रो. पंकज गर्ग ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। मनोज ने भरोसा दिलाया कि वे शिक्षक समुदाय के हित में ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### सोडियम लाइट्स हटेंगी, लगेंगी एलईडी लाइट्स

**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका के सचिव अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पालिका क्षेत्र में लगी सभी सोडियम लाइट्स को हटाकर उनकी जगह ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिकोण से एलईडी लाइट्स लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एलईडी लाइट्स की स्थापना कार्य आरंभ हो चुका है और शीघ्र ही सभी सोडियम लाइट्स को हटाया जाएगा। सचिव ने बताया कि सोडियम लाइट्स की अपेक्षा एलईडी लाइट्स में बिजली खपत कम होती है और रोशनी अधिक मिलती है। उन्होंने बताया कि एलईडी लाइट्स का वाटेज स्थानीय आवश्यकता और क्षेत्र की रोशनी के अनुसार निर्धारित किया जाएगा, जिससे न केवल ऊर्जा की बचत होगी बल्कि बजट पर भी नियंत्रण रहेगा।

### सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने बुधवार को नागरिक अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में भर्ती सात मरीजों से संवाद कर उनके उपचार की जानकारी ली गई। सीजेएम ने केंद्र में उपलब्ध मेडिकल सुविधाओं का निरीक्षण किया और मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए भविष्य में नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस दौरान संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को सेवा में और सुधार के निर्देश दिए गए।

### जलभराव से निपटने को प्रशासन ने कसी कमर

**करनाल।** जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने जानकारी दी कि मानसून में जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि 63 ड्रेनों की सफाई, 110 पंपों की तैनाती, और 13 पोर्टेबल पंप की व्यवस्था की गई है। करनाल शहरी क्षेत्र में 66 किमी में से 55 किमी ड्रेनों की सफाई पूरी हो चुकी है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रस्तुत रिपोर्ट में डीसी ने बताया कि जल निकासी के लिए पुख्ता कदम उठाए गए हैं। जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने जानकारी दी कि मानसून में जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। बैठक में एसपी गंगाराम पूनिया, सीटीएम मोनिका, डीआरओ मनीष सहित अन्य अधिकारी समेत काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## आमजन सिर्फ वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें: रवि प्रकाश शर्मा

# अवैध कॉलोनियों पर नगर पालिका का शिकंजा, अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए वहां बनाई गई कच्ची सड़कों को पीले पंजे से उखाड़ दिया





हसनपुर रोड स्थित अनाज मंडी के पीछे विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को जेसीबी से ध्वस्त करती प्रशासन की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नगर पालिका प्रशासन ने हसनपुर रोड स्थित अनाज मंडी के पीछे विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए वहां बनाई गई कच्ची सड़कों को पीले पंजे से उखाड़ दिया। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई, जिससे अवैध कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया और उनके कई सहयोगी मौके से फरार हो गए।

नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले प्रशासन को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी के पीछे हसनपुर रोड पर मिट्टी डालकर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और एक नई कॉलोनी को विकसित करने की कोशिश हो रही है। इससे पहले भी नगर पालिका ने संबंधित जमीन मालिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और निर्माण कार्य जारी रखा। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों को पूरी तरह से उखाड़ दिया, जिससे कॉलोनी का स्वरूप नष्ट हो गया। रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों को फिर से विकसित न किया जा सके।नगर पालिका अब ऐसी अवैध कॉलोनियों की पहचान कर वहां सूचना बोर्ड लगाएगी, ताकि आम नागरिक इन जगहों पर प्लॉट न खरीदें और अपने पैसे को जोखिम में न डालें। साथ ही प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति ऐसी अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर निर्माण करता है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल स्वीकृत और वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई पहले भी शहर में की जा चुकी है और आगे भी लगातार ऐसे अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। रवि प्रकाश शर्मा ने दोहराया कि जो लोग इन अवैध कॉलोनियों को काट रहे हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका का यह कदम शहर में नियोजित और वैध विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस प्रयास माना जा रहा है।



घरौंडा। अवैध कॉलोनियों को जेसीबी से ध्वस्त करती प्रशासन की टीम।



## असंध विधायक योगेंद्र राणा ने कैंप कार्यालय में सुनी जनसमस्याएं

- सरकार विधानसभा स्तर पर कर रही जनसमस्याओं का निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध

क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु असंध विधायक योगेंद्र राणा ने मंगलवार को कैंप कार्यालय पर जनता से सीधे संवाद किया। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने पेंशन, बिजली-पानी, राशन, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। विधायक राणा ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए और लोगों को विश्वास दिलाया कि सरकार जनकल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार /"सबका साथ, सबका विकास/" की भावना के तहत विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

## यूपी में बिजली निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा स्टेट यूनियन के आवाहन पर यूपी में बिजली निजीकरण के विरोध में इंद्री बिजली बोर्ड में प्रदर्शन किया गया । जिसकी अध्यक्षता महेश मेहता व संचालन संजीव मलिक ने किया । मीटिंग मे मुख्य रूप से मलकीत सिंह और ब्लॉक प्रधान सेंटी कांबोज ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया है। इस फैसले के लागू होने से 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों और इंजीनियर की छंटनी होना लाजिमी है और दूसरी तरफ बिजली के रेट में भी बढ़ोतरी होगी। उत्तर प्रदेश सरकार के उपरोक्त फैसले के खिलाफ लगभग चार महीने से उत्तर प्रदेश के कर्मचारी एवं इंजीनियर लगातार आंदोलन चलाए हुए हैं। 9 अप्रैल को लखनऊ में विशाल रैली की गई थी और 24 जून को लखनऊ में विशाल पंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें पांच हजार से ज्यादा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर के अलावा किसान व मजदूर संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए थे। पंचायत में फैसला लिया गया कि जिस दिन प्रबंधन द्वारा निजीकरण के टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, कर्मचारी व इंजीनियर उस दिन सामूहिक जेल भरो आंदोलन करेंगे।



इंद्री। इंद्री बिजली बोर्ड में प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी ।

## जेल लोक अदालत में 10 मामलों का किया निपटारा, नौ बंदी रिहा

- सीजेएम डॉ. इरम हसन की अगुवाई में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरिभूमि न्यूज करनाल। जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 11 मामलों में से 10 का निपटारा किया गया। इनमें से 9 बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा कर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण सचिव डॉ. इरम हसन ने की। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ़्त कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी और जेल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। इसी अवसर पर सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ड्रामा पार्टी को भी प्रशंसा पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया गया। यह टीम सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामाजिक विषयों पर नाटकों के माध्यम से जनजागरण कर रही है। डॉ. हसन ने बताया कि आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करनाल न्यायिक परिसर, इंद्री, असंध व घरौंडा में किया जाएगा।



### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वन विहार कार्यक्रम

- स्यंसेवकों ने देहरादून-हरिद्वार का किया भ्रमण
- 60 स्वयंसेवकों ने सहस्त्रधारा व गंगा में स्नान कर बढ़ाया उत्साह

**करनाल।** एक दिवसीय वन विहार कार्यक्रम के तहत देहरादून व हरिद्वार का भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने देहरादून में सहस्त्रधारा में स्नान किया, शाखा लगाई और विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर कार्यवाह भारत भूषण चुघ ने बताया कि यह आयोजन स्वयंसेवकों के शारीरिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास हेतु किया गया था। सह नगर कार्यवाह राजीव पोपली ने संघ की 100वीं वर्षगांठ के महत्व व पंच प्रण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पवन देव, वीरपाल, दिनेश गर्ग, सुनील, अशोक कुमार, गोपाल, सुशील कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानवता जन शक्ति फाउंडेशन शिविर लगाकर कर रही है लोगों की सेवा

# स्वास्थ्य शिविर में 227 मरीजों ने कराई जांच

- शिविर में समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन राणा ने संस्था के इस नेक कार्य की खुलकर प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

मानवता जन शक्ति फाउंडेशन द्वारा गांव पधाना में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अर्पणा हॉस्पिटल के अनुभवी डाक्टर्स, सग्गू डेंटल क्लीनिक नीलोखेड़ी द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पहुंचे 227 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और डॉक्टरों और संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं डॉक्टर्स की टीम द्वारा नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, व जनरल स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं मरीजों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर व अन्य सभी टेस्ट निशुल्क किए गए और दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। शिविर में समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन राणा ने संस्था के इस नेक कार्य की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि मानवता जनशक्ति फाउंडेशन सही में मानवता के जन कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद व बीमार व्यक्ति के लिए इस तरह के कैंप लगाकर लोगों की सेवा करना सेवा धर्म का काम है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को इस नेक कार्य में भाग लेते रहना चाहिए ओर जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा करनी चाहिए।



तरावड़ी। शिविर में डॉक्टर्स की टीम को सम्मानित करते हुए फाउंडेशन के

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्थापक हरदीप राणा, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण राणा, अनाज मंडी तरावड़ी के प्रधान सुभाष गुप्ता, कुलदीप चौहान बिजना, राजबीर राणा, अनुराधा काम्बोज, सुजीता मान, नरेश चौहान, सरपंच आशीष राणा, उर्मिला टाया, सीमा पासवान, तम्मना बहल, कुलदीप राणा, धूम सिंह राणा, नैन सिंह, प्रदीप राणा कृष्ण दत शर्मा, रणधीर राणा, रविन्द्र ढुल,अनिल, गौरव आदि उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को रेडक्रॉस ने बांटीं पोषण किट

- स्वास्थ्य सलाह भी दीरेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक की निगरानी में चला कार्यक्रम

**करनाल।** हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी व महासचिव महेश जोशी के निर्देशन में जिला रेडक्रॉस करनाल द्वारा संचालित निक्षय मित्र योजना के तहत आज 10 चयनित टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक की निगरानी में किया गया। बांसो गेट, इंदिरा कॉलोनी, फूसगढ़, रामनगर, गांधी नगर और जरीफा फार्म जैसे क्षेत्रों से चयनित मरीजों को पोषण युक्त राशन किट दी गईं। इस अवसर पर रेडक्रॉस टीम ने मरीजों से उनकी बीमारी, दवाओं और आहार संबंधी जानकारी भी साझा की।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में भेंट की और विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनसमस्याओं जैसे जल निकासी, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता, संकल्प भंडारी सहित प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विधायक आनंद ने मुख्यमंत्री का जनता की ओर से आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से बात कर सभी को प्रेरित किया।



### मानवता जन शक्ति फाउंडेशन ने लगाया हेल्थ कैंप

**करनाल।** मानवता जन शक्ति फाउंडेशन द्वारा गांव पधाना में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 227 मरीजों की जांच की गई। शिविर में अर्पणा हॉस्पिटल के चिकित्सकों, सग्गू डेंटल क्लिनिक की टीम ने नेत्र रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, दंत रोग व अन्य बीमारियों की जांच की और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन राणा, समाजसेवी सुभाष गुप्ता, अनुराधा काम्बोज, राजबीर राणा, सीमा पासवान, आशीष राणा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रवीन राणा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर सेवा धर्म की मिसाल हैं और हर नागरिक को इसमें भाग लेना चाहिए।



### गुरुनानक खालसा कॉलेज की प्राचार्य सेवानिवृत्त

करनाल। गुरुनानक खालसा कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शशी मदान के 30 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर कॉलेज में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस, महासचिव स. सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा, उपप्रधान कंवरप्रीत कौर विर्क, वित्त सचिव स. हरसुखजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। स. प्रिंस ने प्रो. मदान को कॉलेज के निदेशक पद की पेशकश करते हुए सम्मान पत्र भेंट किया। इस अवसर पर अनेक शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रो. मदान के परिजनों ने भावुकता से उन्हें शुभकामनाएं दीं।



### नौ जुलाई की हड़ताल को लेकर जनसंपर्क तेज

करनाल। आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीटू और सर्वकर्मचारी संघ ने करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। सीटू के राज्य उपप्रधान सुरेंद्र स्वामी, नरेश कुमार, ओपी माटा, सुशील गुर्जर, विरेंद्र आमिर, राजपाल, संदीप कौर, जरासो देवी आदि नेताओं ने कर्मचारियों से मुलाकात कर महंगाई, बेरोजगारी, श्रमिक अधिकारों और ठेका प्रथा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि यह हड़ताल मजदूर आंदोलन को नई ताकत देगी।



### जिला जज ने किया न्यायिक परिसर का दौरा

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने बुधवार को असंध स्थित न्यायिक परिसर का निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त सिविल जज हरीश सब्रवाल मौजूद रहे। इसके पश्चात उन्होंने डॉ. इरम हसन व सीजेएम खुशबू गोयल के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया और बंदियों से बातचीत कर उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी।

### जनता भला-बुरा समझे, शरारती तत्वों के बहकावे में न आए: सतनाम सिंह



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सतनाम सिंह आहूजा ने नागरिकों से अपील की है कि वे शरारती तत्वों और नकारात्मक राजनीति करने वालों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि ये लोग जनता के भोलेपन का फायदा उठाकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेलना चाहते हैं। सतनाम सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार जनहित की नीतियों पर कार्य कर रही है और रेहड़ी-फड़ी वालों के कल्याण हेतु हर निर्णय सभी के हित को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने गोल मार्केट में हो रही भीड़ को लेकर चिंता जताई और कहा कि इससे दुर्घटनाएं, चोरी और लूट की आशंका बनी रहती है। उन्होंने रेहड़ी-फड़ी वालों से बाजार व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन का हर निर्णय सभी वर्गों के हित में है।

## खबर संक्षेप

### बुआना लाखू स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया

**इसराना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुआना लाखू में सीआरसी लेवल पर पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने की। मुख्य वक्ता सोमबीर कुंडू इतिहास प्रवक्ता ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे लगाना व उनका संरक्षण भी जरूरी है। इस अवसर पर डीपीई प्रदीप घनघस, कुलदीप सिंह, मनफूल सिंह, सुशील कुमार, नरेश कुमार, कर्मवीर सिंह, नवीन कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### भाई पर गोली चलाई, बाल बाल बचा, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में पारिवारिक विवाद में जोगिंद्र नंबरदार पर उसके ही भाई रविंद्र उर्फ नन्हा ने गोली चला दी। गनीमत रही कि फायरिंग में जोगिंद्र बाल-बाल बच गया और गोली दीवार में जा लगी। वहीं जोगिंद्र की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने रविंद्र पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कमेरा वर्ग की विरोधी है भाजपा सरकार

**पानीपत।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू के नेतृत्व में इंडस्ट्रियल एरिया हुड्डा सेक्टर 25-29 में नौ जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए मजदूरों की नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए सीटू राज्य सचिव व जिला प्रधान सुनील दत्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र में राज्य की सरकार मेहनतकश जनता की विरोधी है। भाजपा राज में मजदूर व किसान और कर्मचारी के खिलाफ काले कानून बने हैं।

### एएसआई शुभम ने कांस्य पदक जीता

**पानीपत।** पानीपत के रामपुरा कालोनी, काबडी रोड निवासी सीआईएसएफ में तैनात एएसआई शुभम ने अमेरिका में चल रही ताइक्वांडो वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर पूरी दुनिया में भारत, हरियाणा व पानीपत का नाम रोशन किया है। वर्तमान समय में शुभम की पोस्टिंग त्रिवेंद्रम केरल में है और सीआईएएसएफ ऑल इंडिया हेड ऑफिस दिल्ली में कार्यरत है। शुभम खेलकोटे से ही सीआईएसफ में भर्ती हुआ था।

### सीपीआई ने आंदोलन व चुनौतियों पर गोष्ठी की

**पानीपत।** ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप का 72वां जन्मदिन मनाया गया। जिसके तहत वर्तमान में कम्युनिस्ट आंदोलन और चुनौतियां विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में पायल, राम मोहन राय, पवन सैनी, संजय कुमार, राम कुमार, प्रदीप जिन्दल, भूपेंद्र कश्यप, कृष्णा कांता आदि उपस्थित रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक में मंथन

**पानीपत।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के कर्मचारी नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। जिसको लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रधान शिवकुमार अहलावत, उपप्रधान विनोद कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान दिलबाग सिंह, राज्य व जिला सचिव तेजिंदर खर्ब व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### किराना दुकान में चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस ने पसीना कला रोड पर स्थित किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी दीपक उर्फ एमसी निवासी कच्चा कैंप क्षेत्र का दीवान नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पसीना खुर्द निवासी सागर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### गोहाना रोड हादसे में टेलर की जान गई

**पानीपत।** पानीपत में गोहाना रोड पर रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग टेलर बाबूदीन निवासी कश्यप नगर, जाटल रोड को टक्कर मार दी। हादसे में बाबूदीन की मौत हो गई। मृतक कपड़ों की फेरी लगाता था। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बाबूदीन का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

#### जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की

# हरियाणा में दिसंबर माह तक सभी सड़कें हो जाएंगी चकाचक : रणबीर गंगवा

मंत्री ने दिए निर्देश, जिन विकास कार्यों की प्रशासनिक अनुमति मिल गई है, उनको अधिकारी तय समय सीमा के अंदर पूरा करें और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। विकास कार्यों को लेकर बुधवार को विधायक प्रमोद विज से चर्चा करते हुए जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। वहीं, जिन विकास कार्यों की प्रशासनिक अनुमति मिल गई है, उन विकास कार्यों को अधिकारी तय समय सीमा के अंदर पूरा करें और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग का जनता से सीधा जुड़ाव है, क्योंकि दोनों ही विभागों की सेवाएं जनता की मूलभूत सुविधाओं में शामिल है, ऐसे में जनता को सभी सेवाओं का समय पर लाभ मिले क्योंकि जनता के हित सर्वोपरि है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जो भी ठेकेदार कार्य करें, उस ठेकेदार के कार्यों को अधिकारी चेक करें तथा विकास कार्यों में संतुष्टि होने के बाद ही उसे एनओसी दें तथा दोनों विभागों के एसडीओ और जेई विशेष तौर पर फील्ड में रहें और कार्यों की गुणवत्ता को भी चेक करें।

मंत्री ने कहा कि जून माह के अंत तक जिन सडकों के किसी कारणवश पैचवर्क रह गए हैं, उन्हें पूरा करें। जबकि जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें दिसंबर माह तक पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बरसाती पानी की निकासी नहीं हो रही है, ऐसे समस्या के समाधान के लिए प्रपोजल व एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भेजें ताकि समय रहते उसकी स्वीकृति दिलाई जा सके। जो भी कार्य हों उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को जरूर भेजी जाए। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी एसटीपी, वॉटर टैंक और पाइप लाइन डालते हैं तो भविष्य की योजनाओं को देखते हुए डालें कि भविष्य में कोई असुविधा न हो।

---


पानीपत के इंसार बाजार का निरीक्षण करते हुए विधायक प्रमोद विज।

## पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे : विधायक विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- अवैध जगह में चल रहा है आजाद नगर का शराब ठेका, बाजारों से हटेगा बिजली के तारों का जंजाल

पानीपत शहर के आजाद नगर में चल रहे शराब ठेके के विवाद में आजाद नगर वासियों के लिए राहत भरी खबर है। बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज और पानीपत के जिला उपायुक्त वीरेंद्र दहिया, नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव और डीईटीसी वीरेंद्र ढुल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नगर निगम अधिकारियों द्वारा शराब ठेके के अवैध जगह पर संचालित होने को प्रमाणित किया है।

शराब ठेके के सरकारी अनुबंध अनुसार शराब ठेका राज नगर में खुलना था किन्तु विभाग की लापरवाही से ठेका आजाद नगर में खोल दिया गया है। विधायक विज ने बातचीत में कहा कि मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है किन्तु नगर निगम इस बात को प्रमाणित कर दिया है कि ठेका राज नगर में खुलना चाहिए था जो आजाद नगर में खुला हुआ है। न्यायालय में शीघ्र ही इस बात के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे एवं ठेके को आजाद नगर से बंद करवाया जाएगा।

वहीं, विधायक विज ने बिजली और नगर निगम अधिकारियों के साथ इंसार बाजार और चौड़ा बाजार का दौरा कर बाजार का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आदेश दिए कि पोल की शिफ्टिंग एवं तारों क जंजाल बाजार से हटाया जाए।

---

## इनर व्हील क्लब ने मनाया अन्नपूर्णा दिवस

- डॉक्टर व सीए दिवस पर केंद्रित नई परियोजनाओं की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की पदाधिकारीगण अन्नपूर्णा दिवस पर केक काटते हुए। फोटो: हरिभूमि

इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ने अन्नपूर्णा दिवस, डॉक्टर दिवस और सीए दिवस पर केंद्रित कई नई परियोजनाओं की शुरुआत की। दिन की शुरुआत सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद लेने के साथ हुई। इसके बाद क्लब के सदस्यों ने अन्नपूर्णा दिवस को मनाते हुए आशियाना ओल्ड ऐज होम में भोजन वितरित किया। इसके बाद क्लब आर्टिओस अस्पताल में डॉक्टर दिवस के अवसर पर डॉक्टरों को सम्मानित करने पहुंचा। जबकि डाक्टर डे पर मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसके अलावा आज ही क्लब की नई कार्यकारिणी टीम ने पदभार भी संभाला।

इस अवसर पर अध्यक्ष रूपाली चोपड़ा, उपाध्यक्ष नीतू छाबड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अनु कालड़ा, सचिव प्रियंका दुआ, कोषाध्यक्ष सांझी सागर, आईएसओ पूजा मलिक, संपादक श्वेता मिगलानी, ई.प्रमुख साधिका मिगलानी, इसके साथ ही सलाहकार टीम में कंचन सागर, सीमा बब्बर और मुक्ता नागपाल को शामिल किया गया है। सीए दिवस पर सीए विद्या सागर भाटिया और सीए शशि चड्ढा को सम्मानित किया। क्लब की सदस्य पिंकी सैनी, रूपाली, नीतू, प्रियंका, साधिका, पूजा व श्वेता मिगलानी भी उपस्थित रही।

---

*करुणा, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होतें हैं चिकित्सक*

## डाक्टर्स व चार्टर्ड अकाउंटेंट डे धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा


समालखा। डॉक्टर्स व सीए को सम्मानित करते पार्षद संजय गोयल व रेखा गोयल।

समालखा शहरी मंडल द्वारा चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया गया। जिसमें डॉ. एल सचदेवा व रिक्की गोयल चार्टर्ड अकाउंटेंट को उपहार भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल व वार्ड नंबर एक के पार्षद संजय गोयल, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चोपड़ा, रवि सचदेवा, सौरव गोयल आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं पार्षद संजय गोयल ने कहा कि डॉ.केएल सचदेवा पिछले कई वर्षो से लगातार समालखा एवं आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे है। संजय गोयल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को भारत में डाक्टर्स डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल पेशेवर ही नहीं होते, वे करुणा, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होते हैं। वे जीवन के रक्षक और मानवता के प्रहरी हैं।

---

## बेगमपुर-ताहरपुर में श्मशान भूमि को कब्रिस्तान बनाने का विरोध

**पानीपत।** गांव बेगमपुर-ताहरपुर में श्मशान घाट को कब्रिस्तान बनाए जाने की तैयारी पर विवाद खड़ा हो गया है। गांव की 900 की आबादी में सिर्फ एक मुस्लिम परिवार रहता है। वहीं, पूर्व सरपंच रविंद्र, पंच रमेश, राज सिंह, धर्मपाल, देवेंद्र, अजीत देशवाल, केला देवी, पूनम, सुनीता देवी, सुमन, कमलेश, सतबीर, राकेश का आरोप है कि सिर्फ एक मुस्लिम परिवार की सिफारिश पर सरपंच वजीर सिंह, कब्रिस्तान बनवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस फैसले का गांव में भारी विरोध हो रहा है। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला सचिवालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। दूसरी ओर, सरपंच वजीर सिंह ने बताया कि 2020 में मुस्लिम परिवार की महिला का देहांत हुआ था। उस वक्त परिवार ने पूरे गांव से पूछा था कि महिला को कहां दफनाए। तब ग्रामीणों ने उक्त परिवार को एक जगह दी थी और कहा था कि ये जगह कब्रिस्तान के लिए ही फिक्स कर देते हैं। पिछले सरपंच कविता ने भी इस जगह का प्रपोजल विभाग एवं सरकार को भेजा हुआ

### दक्ष जयंती समारोह भिवानी में होगा

**पानीपत।** लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 13 जुलाई को महाराज दक्ष प्रजापत की जयंती उत्साह और उमंग के साथ भिवानी में मनाई जाएगी। उन्होंने लोगों को इस जयंती में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई विकास सिंगरोहा, एक्सइएन करण बहल, एसडीओ वीरेंद्र दहिया, जेई सुनील, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सावित पानू आदि उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक का त्याग कर पौधे रोपे : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


प्रतिष्ठा फाउंडेशन के पदाधिकारीगण मेयर कोमल सैनी को सम्मानित करते हुए।

प्रतिष्ठा फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन का उद्देश्य सभी को प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि मेयर कोमल सेनी ने प्रतिष्ठा फाउंडेशन के पर्यावरण संरक्षण के तहत प्लास्टिक को कहें ना अभियान की सराहना करते हुए बताया कि हर स्तर पर प्लास्टिक की थैली का प्रयोग बंद कर दें। आज ये देख के प्रसन्नता हुई कि फूलों के गुलदस्ते की जगह ताजी सब्जी का बना गुलदस्ता दिया गया। इंडसट्रियलिस्ट सुनील तुली ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर सुखदेव नगर प्रधान सुरेश दुर्गा, संतोष, डायरेक्टर डॉ.कुंजल, राजीव वलेचा, राजीव तुली, संगीता अरोड़ा व मोहित जग्गा आदि उपस्थित रहे।

### होबपास पोर्टल ठप जनता परेशान

**पानीपत।** हरियाणा में भवनों के नक्शे ऑनलाइन अपलोड व अप्रूव करने का होबपास पोर्टल ठप हो गया है। इस कारण ना तो नक्शे अपलोड हो रहे हैं और न ही स्वीकृत हो रहे हैं। ऑनलाइन नक्शे अपलोड करने का कार्य पिछले बीस दिन से व नक्शे स्वीकृत होने का कार्य पिछले दो महीने से नहीं होने से लोग परेशान हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल व महानिदेशक पंकज कुमार को ईमेल से शिकायत भेज कर होबपास पोर्टल को तत्काल सुचारु कराने की मांग की है।

---

### फिट इंडिया क्लब ने सुनीता को सम्मानित किया




**पानीपत।** कौन कहता है कि आसमान में छेद नहीं होता एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जिले के गांव सिवाह की रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती सुनीता देवी ने। सुनीता ने केवल एक महीने में पांच किलोग्राम से ज्यादा वजन कम करके इतिहास रचा है। सुनीता देवी के बेटे बबलू शर्मा ने बताया कि उनकी माता ने बिना किसी दवाइयों के इतनी ज्यादा उम्र होने के बाद भी वजन कम करके दिखाया है। जो युवा नहीं कर पाते वो उनकी माता ने कर दिखाया है।

## विद्यार्थियों ने नशे के विरूद्ध शपथ ली




**समालखा।** पानीपत पुलिस टीम ने बुधवार को गांव राक्सेहडा के सरकारी स्कूल व चंदन बाल विकास स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल समालखा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का जीवन भविष्य प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे।

### श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया



**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में सायं काल सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। इस पावन अवसर पर शहर भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं और प्रभु श्री हनुमान जी की आराधना करते हैं। यह आयोजन मंदिर सभा द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसमें भक्तगण भक्ति संगीत, आरती और प्रसाद वितरण का लाभ भी प्राप्त करते हैं। वहीं, वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है, और सभी वर्गों के लोग इस कार्यक्रम में सहभागी बनते हैं। मंदिर सभा के प्रधान व पार्षद तरुण गांधी ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे सभी मंदिर में होने वाले हर अवसर पर परिवार सहित पधारें और अपने जीवन को सुख-समृद्धि से भरें।

---

#### सीएम ने जन समस्याओं के समाधान को लेकर डीसी के साथ की समीक्षा बैठक

# जनसमस्या के हल को अधिकारी गंभीर रहें : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर दिशा निर्देश दिए
- जिले में दर्ज कराई समस्याओं की जानकारी ली
- डीसी डॉ दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि मानसून को लेकर तैयारियां पूरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। प्रशासन, जनसमस्याओं को लेकर बैठक करते हुए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया के साथ जनता समाधान शिविर में दर्ज समस्याओं के निस्तारण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम सैनी ने डीसी डॉ दहिया से पानीपत जिले में जरूरत मंद द्वारा दर्ज कराई गई समस्याओं की जानकारी ली और निस्तारण के बारे में विस्तार से पूछा। वहीं, डीसी डॉ दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को आश्वस्त किया कि पानीपत जिला में मानसून के मौसम को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। वहीं, नहरों की साफ सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि 180 किलोमीटर के अंतर्गत नालों की साफ सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। पानीपत प्रशासन हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे तैयार है। जिले में 29 पंप है जिनमें 13 निगम के अंतर्गत आते हैं। दूसरी ओर, डीसी डॉ दहिया ने वर्चुअल बैठक के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए की वे समस्याओं के समाधान को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। डॉ दहिया ने दावा किया कि पानीपत के अधिकारियों की मेहनत के चलते जिला में समस्याओं के समाधान का ग्राफ अच्छा है।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**नारायन सिंह पुत्र श्री भगवान दास चौधरी निवासी हाउस न0 732, वार्ड 8, सन्नोली रोड, सन्नोली पिंसी वाली गली, जिला पानीपत व आदि**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि नारायन सिंह पुत्र श्री भगवान दास चौधरी निवासी हाउस न0 732, वार्ड 8, सन्नोली रोड, सन्नोली पिंसी वाली गली, जिला पानीपत का रहने वाला हूँ। मेरे पिता मृतक स्व० श्री भगवान दास पुत्र श्री डीला राम पुत्र श्री खीला राम की मृत्यु दिनांक 02.10. 1976 को हो चुकी है। मेरे पिता मृतक स्व० श्री भगवान दास पुत्र श्री डीला राम पुत्र श्री खीला राम के देहान्त बाद निम्नखिति वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. नारायन सिंह (पुत्र) 2. हरनाम दास चौधरी (पुत्र) 3. मनोहर देवी (पुत्री) ही जायज वारिस है इनके अलावा अन्य कोई वारिस या वारसान नहीं है। मृतक की पत्नी श्रीमति सभई बाई का दिनांक 24.12.2020 को देहान्त हो गया है व मृतक की माता स्व० श्रीमति केशर बाई का अरसा पहले देहान्त हो गया है। कमल अरोडा पार्षद नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानों के अलावा मृतक स्व० श्री भगवान दास पुत्र श्री डीला राम पुत्र श्री खीला राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्री भगवान दास पुत्र श्री डीला राम पुत्र श्री खीला राम के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वव/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सजंय पुत्र श्री राजेन्द्र निवासी आसंन कंला तहसील व जिला पानीपत व आदि**

बनाम

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सजंय पुत्र श्री राजेन्द्र निवासी आसन कलां तहसील व जिला पानीपत ने वसीयत न0 11/3 दिनांक 06.04.2007 का इन्तकाल करवाने के हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि उपरोक्त वसीयत में भूमि श्रीमति कस्तूरी देवी पत्नी श्री सरूप पुत्र श्री फतेह सिंह ने अपने जीवन काल मे ही मिन० अपने पोतों 1. सुरिन्द्र पुत्र श्री मांगे राम पुत्र श्री रामसरूप 2. सजंय पुत्र श्री राजेन्द्र पुत्र श्री रामसरूप निवासी अशोक विहार कालोनी तहसील व जिला पानीपत के नाम कर रखी है। जिसका इन्तकाल 1. सुरिन्द्र पुत्र श्री मांगे राम पुत्र श्री रामसरूप 2. सजंय पुत्र श्री राजेन्द्र पुत्र श्री रामसरूप निवासी अशोक विहार कालोनी तहसील व जिला पानीपत के नाम दर्ज करके मंजूर होना है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक श्रीमति कस्तूरी देवी पत्नी श्री सरूप पुत्र श्री फतेह सिंह के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर वसीयत न0 11/3 दिनांक 06. 04.2007 का इन्तकाल दर्ज करके मंजूर कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

